## जी. डी. पी. राष्ट्रीय आय एवं उत्पाद

**Note :-**

$NNP_{FC}$ को NNI (Net National Income) या साधारण रूप से NI (National Income) भी कहा जाता है।

KGS IAS
KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR

(v) PCI ⇒ Per capita Income :-
(प्रति व्यक्ति आय)

⇓

$$\frac{NI}{Population}$$

**नोट :-** ध्यान देने योग्य है कि राष्ट्रीय आय अन्य अवधारणाओं की तुलना में प्रति व्यक्ति आय, लोगों के आर्थिक कल्याण की स्थिति को अधिक बेहतर ढंग से प्रदर्शित करती है।

कई बार किसी देश की राष्ट्रीय आय का स्तर उच्च होता है लेकिन लोगों की स्थिति तदनुसार अच्छी नहीं होती है जैसा कि विश्व बैंक यह कहता है कि -
"The largest economies are not the richest."

यह ध्यान देने योग्य है कि भारत उपर्युक्त कथन का अपवाद नहीं है

उपर्युक्त प्रस्तुतीकरण के प्रकाश में अर्थशास्त्रीयों द्वारा प्रति व्यक्ति आय को अधिक बेहतर माना जाता है, हालांकि यह भी आलोचनाओं से मुक्त नहीं है। उदाहरण के लिए, यह कहा जाता है कि प्रति व्यक्ति आय विषमताओं को ढक देती है।

इसी प्रकार, शिक्षा स्वास्थ्य आदि बातों को भी ध्यान में नहीं रखा जाता।

KGS IAS KHAN GLOBAL STUDIES Most Trusted Learning Platform KHAN SIR

(vi) (Real) GDP, GNP, NNP आदि।

यदि GDP, GNP, NNP आदि को स्थिर मूल्यों पर (At constant Price) निकाला जाता है तो उनके आगे Real शब्द का प्रयोग किया जाता है

**कारण:**

मूल्यों को स्थिर कर देने से इस बात का पता लग पाता है कि वास्तविक रूप में उत्पादन की मात्राओं में परिवर्तन कितना हुआ अर्थात् ग्रोथ की वास्तविक स्थिति क्या है।

यह ध्यान देने योग्य है कि कीमतों को स्थिर करने के लिए किसी एक वर्ष की कीमतों को अन्य वर्षों पर लागू किया जाता है। यदि इसके बावजूद भी GDP आदि के मूल्य में परिवर्तन होता है तो इसका एक ही कारण होगा कि उत्पादन की मात्राओं में परिवर्तन हुआ है इस प्रकार हमें ग्रोथ की वास्तविक स्थिति का पता लग पाता है।

KGS IAS
KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR

जिस वर्ष की कीमतों का प्रयोग किया जाता है उसे तकनीकी भाषा मे आधार वर्ष (Base Year) कहते हैं वर्तमान में भारत में 2011-12 को आधार वर्ष के रूप में प्रयुक्त किया जा रहा है (2015 से)।

(vii) Nominal GDP, GNP आदि :-
नाममात्र का

यदि GDP, GNP आदि को चालू मूल्यों/ प्रचलित मूल्यों पर (At Current Prices) निकाला जाए तो उनके आगे Nominal शब्द का प्रयोग यह बताने के लिए किया जाता है कि ग्रोथ आदि के सन्दर्भ में इसका कोई विशेष महत्व नहीं है।

KGS IAS KHAN GLOBAL STUDIES Most Trusted Learning Platform KHAN SIR

(viii) GDP Deflator :-

⇓

$$\frac{\text{Nominal GDP}}{\text{Real GDP}}$$

2023-24 के लिए द्वितीय अग्रिम अनुमानों को आधार बनाते हुए -

$$\text{GDP Deflator (2023-24)} = \frac{\text{Nominal GDP}_{2023-24}}{\text{Real GDP}_{2023-24}}$$

↓

$$= \frac{₹\ 293,89,686 \text{ करोड़}}{₹\ 172,90,281 \text{ करोड़}}$$

↓

1.96 (Approx)

GDP Deflator के समान GNP Deflator भी निकाला जा सकता है।

उपर्युक्त के अलावा, कभी कभी GDP या GNP Deflator को 100 से गुणा भी कर दिया जाता है

Note :-
GDP, GNP, Deflator से मुद्रास्फीति के बारे में भी अनुमान लगाया जा सकता है

KGS IAS
KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR